राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांक : प.14(129)RSSB/अर्थना/प्रा.शि.नि./कनि.अनु/भर्ती/2023/ दिनांक :

–::संशोधित विज्ञप्ति::–

बोर्ड के संज्ञान में आया है कि कई अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापनों में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण पत्र धारित नहीं होने के उपरान्त अथवा अन्य गलत सूचना अंकित कर ऑनलाईन आवेदन भर दिया है, ऐसे अभ्यर्थियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। बोर्ड द्वारा निम्नलिखित भर्तियों हेतु जारी विज्ञापनों में **ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने की प्रकिया** के अन्तर्गत अगर अभ्यर्थियों द्वारा उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण पत्र धारित नहीं होने के उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन भर दिया है अथवा अन्य गलत सूचना अंकित कर दी है, तो ऐसे आवेदकों को अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) करने का प्रावधान किया गया था :–

क्र.सं.	भर्ती का नाम	पदों की संख्या	विज्ञापन संख्या/दिनांक
1.	पशु परिचर (Animal Attendant) सीधी भर्ती–2023	5934	07/2023 06.10.2023 Amndt Advt 12.01.2024
2.	पर्यवेक्षक (Supervisor) (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती–2024	176	01/2024 13.02.2024
3.	छात्रावास अधीक्षक ग्रेड–II सीधी भर्ती–2024 (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)	335	02/2024 13.02.2024
4.	पर्यवेक्षक (महिला) (आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) सीधी भर्ती–2024	202	03/2024 13.02.2024
5.	छात्रावास अधीक्षक सीधी भर्ती–2024 (अल्पसंख्यक मामलात विभाग)	112	04/2024 13.02.2024
6.	पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती–2024	209	05/2024 13.02.2024
7.	लिपिक ग्रेड–II/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2024	4197	06/2024 13.02.2024
8.	शीघ्रलिपिक/निजी सहायक ग्रेड–II संयुक्त सीधी भर्ती–2024	474	07/2024 26.02.2024
9.	कनिष्ठ अनुदेशक के (04 ट्रेड) पदों हेतु सीधी भर्ती–2024	679	08/2024 05.03.2024
10.	कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न व्यवसाय(16 ट्रेड) के पदों हेतु सीधी भर्ती–2024	1821	09/2024 13.03.2024

अतः उक्त भर्तियों में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण पत्र धारित नहीं होने के उपरान्त भी अगर अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन भर दिया है तो ऐसे आवेदक **दिनांक 26.04.2024 से दिनांक 02.05.2024 को रात्रि 23:59 तक (07 दिवस के भीतर)** SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recuitment Section के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकेगें।

आवेदक ध्यानपूर्वक विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने पर ही अपना ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित (Withdraw) करने की कार्यवाही करें। एक बार आवेदन प्रत्याहरित (Withdraw) कर लेने पर पुनः आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। **ऑनलाईन आवेदन को गलत प्रत्याहरित करने की समस्त जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की मानी जावेगी।** अपना आवेदन विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने, गलत सूचना अंकित करने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। उक्त संशोधन इन सभी विज्ञापनों का एक भाग माना जाएगा।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

RajKaj Ref
6758101

Document certified by Bhag Chand Badhal <[illegible]c1969@gmail.com>
Digitally Signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 24-04-2024 06:06:25

सचिव